तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 9 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

बनारस एवं अयोध्या की तर्ज पर टेंपल सिटी में प्रतिदिन हो रही गंगा आरती

4



## खबर संक्षेप

### जिले में 319.3 मि.मी. औसत वर्षा की गई दर्ज

**सक्ती।** सक्ती जिले में 1 जून से 8 जुलाई तक 319.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 0.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक जिले के सक्ती तहसील में 286.8 मिली मीटर, जैजैपुर में 201.0, मालखरौदा में 369.4, डभरा में 352.3, नया बाराद्वार में 316.0, अड़भार में 269.3, हसौद में 298.3, चंद्रपुर में 473.3 एवं भोथिया में 306.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार 8 जुलाई की स्थिति मे तहसील सक्ती में 2.4 मिली मीटर, जैजैपुर में 0.0, मालखरौदा में 0.0, डभरा में 0.3, नया बाराद्वार में 0.6, अड़भार में 0.6, हसौद में 0.0, चंद्रपुर में 0.0 एवं भोथिया में 2.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना : प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, दावा-आपत्ति आज

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 5 जुलाई को जिला मुख्यालय में आयोजित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। परिणाम आदिवासी विकास विभाग के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है तथा जिले की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। जारी परीक्षा परिणाम के संबंध में अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर 9 जुलाई तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### चोरी कर भाग रहे दो शातिर भाई चढ़े पुलिस के हत्थे, बाइक जब्त

**देवरी-सारागांव।** फार्म हाउस में चोरी करने वाले दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल तथा चोरी में इस्तेमाल सब्बल बरामद कर दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार सारागांव निवासी पवन राठौर, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एनएच-49 स्थित निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के सामने बने फार्म हाउस में सबमर्सिबल पंप, बिजली तार, रॉड कटर मशीन, प्लास्टिक चेयर एवं अन्य निर्माण सामग्री रखी हुई थी। मंगलवार 7 जुलाई की रात दो युवक स्प्लेंडर प्लस बाइक में बोरी भरकर सामान ले जाते दिखाई दिए। जांच में फार्म हाउस के लोहे के दरवाजे की कुंडी टूटी मिली तथा वहां से 1 एचपी वरुणा कंपनी का सबमर्सिबल पंप, रॉड कटर मशीन, बिजली तार, सबमर्सिबल पैनल और 2 प्लास्टिक चेयर चोरी होना पाया गया। पुलिस ने रमेश कुमार गोयल निवासी मुरलीडीह कंजी, थाना मुलमुला व महेश गोयल निवासी मुरलीडीह कंजी, थाना मुलमुला को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवंशी थाना प्रभारी सारागांव एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

### सट्टा पट्टी नोट कर रही महिला पकड़ी गई

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने शहीद चौक क्षेत्र में एक मकान पर छापेमार कार्रवाई कर सट्टा पट्टी नोट कर रही महिला को पकड़ा है। उसके कब्जे से मोबाइल, सट्टा लेखा-जोखा एवं नगदी रकम जब्त की गई। शहीद चौक में रहने वाली अनिता साहू अपने मकान में गुप्त रूप से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सट्टा का संचालन करने की सूचना पुलिस को मिली थी। कोतवाली पुलिस ने मकान में दबिश दी। रेड के दौरान संदेही महिला घर पर मौजूद मिली। पूछताछ करने पर उसने सट्टा.पट्टी लिखना स्वीकार किया। घर में राजधानी कल्याण के विभिन्न सट्टा अंकों की तस्वीरें सट्टा.पट्टी का रिकॉर्ड तथा हिसाब.किताब सुरक्षित मिला।

## मरीजों को जांच कराने में होती है परेशानी

# जिला अस्पताल में सिटी स्कैन सोनोग्राफी मशीन खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सिटी स्कैन एवं सोनोग्राफी मशीन सप्ताह भर से खराब चल रही है। जिसके कारण मरीज एवं उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसे लेकर जिम्मेदार प्रबंधन को कोई सरोकार नहीं है।

गौरतलब है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय जांजगीर में सोनोग्राफी एवं सिटी स्कैन मशीन सप्ताह भर से खराब चल रही है। जिसके कारण कई तरह की बीमारियों से प्रभावित जांच करने वाले रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोनोग्राफी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की जांच, गंभीर बीमारियों की सोनोग्राफी करना साथ ही सिटी स्कैन मशीन के माध्यम से मरीज के मस्तिष्क सहित शरीर के अन्य विभिन्न अंगों की जांच सूक्ष्म तरीके से की जाती है, लेकिन इन दोनों मशीनों के खराब होने के कारण जिला अस्पताल में जांच व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। इस तरह की समस्या सप्ताह भर से बनी हुई है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में पामगढ़, अकलतरा, नवागढ़, बलौदा सहित शिवरीनारायण एवं अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपचार करने के लिए पहुंचते हैं। इनमें गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहती है। वही सोनोग्राफी नहीं हो पाने के कारण उन्हें मजबूरन निजी अस्पताल के माध्यम से सोनोग्राफी करने की मजबूरी बनी रहती है। पहले भी बुधवार एवं शुक्रवार के दिन सोनोग्राफी होना रहता है, लेकिन मशीन खराब एवं संबंधित स्पेशलिस्ट चिकित्सक की कमी के कारण सोनोग्राफी जांच प्रभावित हो रही है। इस तरह की समस्या सीटी स्कैन में भी बनी हुई है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सर्दी खांसी, जुकाम, मलेरिया, टाइफाइड, पीलिया, किडनी, कैंसर सहित अन्य तरह के गंभीर बीमारियों से प्रभावित मरीज भी उपचार के लिए आते हैं लेकिन कई गंभीर बीमारियों का उपचार जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में नहीं हो पाता। ऐसे में मरीज व उनके परिजनों की दिक्कतें बढ़ जाती है।



सिटी स्कैन मशीन तथा इंसेट में सोनोग्राफी मशीन।

### रोजाना पहुंचते हैं 500 से अधिक मरीज

ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय जांजगीर में प्रतिदिन 500 से अधिक लोग बीमारियों से प्रभावित होने की स्थिति में इलाज के लिए आते हैं। इनमें से कई बीमारियों का उपचार समय पर नहीं हो पता। ऐसे में उन्हें बिलासपुर इलाज के लिए रेफर भी कर देते हैं। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में उपचार करने गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग आते हैं। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की समस्या अभी भी बनी हुई है। जिसके कारण उपचार के अभाव में मरीज को बाहर भी कोरबा, बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर एवं भिलाई भी मरीज की स्थिति को देखकर भेजना पड़ता है।

### किया गया पत्राचार

जिला अस्पताल में सोनोग्राफी एवं सिटी स्कैन मशीन खराब है। जिसके कारण मरीजों की जांच प्रभावित हो रही है। मशीन खराब होने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है।

-डॉ.बीएल जागृति,
सिविल सर्जन
जिला अस्पताल जांजगीर

## रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई

# 162 घनमीटर रेत की बनाई जब्ती

### खनिज विभाग उड़नदस्ता टीम ने बनाया प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रेत के अवैध भंडारण, परिवहन एवं उत्खनन मामले में उडनदस्ता टीम ने कार्रवाई करते हुए 162 घन मीटर रेत जब्त किया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में तथा खनिज अधिकारी के.के. बंजारे के मार्गदर्शन में बुधवार 8 जुलाई को खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा तहसील सक्ती क्षेत्र के अंतर्गत खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्रवाई के दौरान ग्राम लवसरा, सिरली, डिक्सी, हरदी, मोहंदीखुर्द, सिंघनसरा, सक्ती तथा हरेठी क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत पाए जाने पर लगभग कुल 162 घनमीटर रेत जब्त की गई। खनिज विभाग द्वारा इन विभिन्न स्थानों पर की गई जांच में रेत के अवैध भंडारण के प्रकरण सामने आए, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। विभाग ने बताया कि खनिज रेत के अवैध भंडारण के प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं खान और खनिज अधिनियम 1957 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज अमला द्वारा सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है।



जब्त रेत।

### अवैध डंप रेत को जब्ती बनाकर छोड़ा, आगे नहीं हो रही कार्रवाई, इधर दिन ब दिन कम हो रही मात्रा

**मालखरौदा।** ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सुलोनी के फुलवारी चौक श्मशान घाट पर अवैध रेत डंपिंग की शिकायत कलेक्टर को प्राप्त हुई थी जिस पर कलेक्टर की दिशा निर्देश पर तहसीलदार अडभार के द्वारा मार्च माह में करीब 200 ट्रैक्टर एवं अप्रैल माह में एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल के द्वारा लगभग 1 हजार ट्रेक्टर अवैध रूप से वोराई नदी से जेसीबी के माध्यम से रेत का उत्खनन कर ट्रैक्टर के माध्यम से डंपिंग किए गए लगभग 2 सौ ट्रेक्टर रेत को तहसीलदार के द्वारा मार्च माह में जप्ती कार्यवाही की गई थी। वहीं अप्रेल माह में कलेक्टर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा रूपेंद्र पटेल के द्वारा लगभग 1 हजार ट्रेक्टर डंपिंग किए गए रेत का जप्ती प्रकरण तैयार कार्यवाही करने के लिए अपना प्रतिवेदन खनिज विभाग को भेज दिया था परंतु 3 माह बीत जाने के बाद भी खनिज विभाग द्वारा ना तो अवैध रेत की नीलामी कराई गई ना ही संबंधित व्यक्ति से जुर्माना रायलटी वसूली गई। जिसके चलते रेत डंपिंग करने वाले रेत माफिया के हौसले बुलंद है और उनके द्वारा जप्ती कार्रवाई किए गए डंपिंग रेत को लगातार ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध रूप से बेचा जा रहा है। वर्तमान में अभी भी रेत माफियाओं द्वारा बोराई नदी से प्रतिदिन 25 से 30 ट्रैक्टर रेत का खनन किया जा रहा है। खनिज विभाग के द्वारा ऐसे रेत खनन परिवहन करने वालों के ऊपर कारवाई नहीं होने पर रेत माफियाओं यह हौसले बुलंद है और उन्हें शासन प्रशासन का किसी भी प्रकार का भय नहीं है। इस मामले को लेकर कलेक्टर अमृत विकास तोपनो का कहना है कि जिस भी स्थान पर अवैध डंपिंग रेत पर खनिज विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा कार्रवाई की गई है। वहीं रेत डंपिंग मामले में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज करने एवं रायल्टी वसूली करने खनिज शाखा को निर्देशित किया गया है।

## छाल पुलिस ने किया साढ़े 8 टन लोहे का कबाड़ जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल पुलिस ले 6 चक्का माजदा वाहन से लगभग 8.5 टन संदिग्ध लोहे का कबाड़ जब्त किया है। टीआई छाल को हाटी क्षेत्र से एक 6 चक्का ट्रक में बड़ी मात्रा में लोहे का स्क्रैप भरकर छाल होते हुए घरघोड़ा की ओर ले जाने की सूचना मिली थी।

पुलिस ने बैरियर पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच शुरू की। इस दौरान महिंद्रा 6 चक्का वाहन क्रमांक सीजी 12 बीडी 1623 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में तिरपाल के नीचे विभिन्न प्रकार के लोहे के स्क्रैप, एंगल, टीना एवं अन्य कबाड़ सामग्री लोड मिली। चालक से परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। चालक ने अपना नाम तौफिक खान पिता असलम खान 19 निवासी सरस्वती स्कूल के पास चौकी सीएसईबी जिला कोरबा बताया। 8 टन 500 किलोग्राम लोहे का स्क्रैप, कीमत 2 लाख परिवहन में प्रयुक्त महिंद्रा 6 चक्का वाहन जिसकी कीमत लगभग 20 लाख को जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 35, क, 35,ड तथा धारा 303,2 के तहत मामला दर्ज किया गया है।



### मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**जांजगीर-चांपा।** वर्षा ऋतु के आगमन और मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के बीच स्वास्थ्य विभाग ने जिले में संभावित मौसमी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के तहत जिला सर्विलेंस इकाई द्वारा मच्छरजनित एवं जलजनित रोगों की विशेष निगरानी की जा रही है। सीएमएचओ ने वर्षा ऋतु के दौरान वायरल बुखार, तीव्र अतिसार (दस्त), हैजा, टाइफाइड, पीलिया , स्क्रब टायफस, लेप्टोस्पायरोसिस, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य मौसमी संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है।

## घर में घुसकर महिला से छेड़खानी धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

घर में जबरन घुसकर महिला के साथ अशोभनीय हरकत करने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला अकलतरा शहर का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 जुलाई की सुबह लगभग 9:30 बजे वह अपने घर में मौजूद थी। इसी दौरान संजय नगर निवासी रवि कुमार विश्वकर्मा उर्फ गोलू उम्र 32 वर्ष जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि उसने दरवाजा बंद कर महिला के साथ अशोभनीय हरकत की। इस दौरान विरोध करने पर आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर थाना अकलतरा में आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 333, 74, 351(3) एवं 127(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अकलतरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर थाना अकलतरा में आरोपी के विरुद्ध धारा 333, 74, 351(3) एवं 127(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा, एएसआई अशोक कश्यप तथा पीएसआई दिव्या कुर्रे का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## कार्य में लापरवाही, पटवारी को तहसीलदार ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

- तीन दिनों के भीतर जवाब नहीं देने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

शिवरीनारायण तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुकदा और रिंगनी के किसानों और ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी, शिवरीनारायण ने क्षेत्र के पटवारी बुधेश्वर देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुकदा और रिंगनी के ग्रामीणों और पत्रकारों ने तहसीलदार से शिकायत की थी कि हल्का पटवारी बुधेश्वर देवांगन अपने निर्धारित कार्यक्षेत्र में कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित रहते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उनकी लापरवाही के कारण शासकीय कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है। वर्तमान में वर्षाकाल चल रहा है, जिसे देखते हुए शासन ने आपदा प्रबंधन और राजस्व विभाग को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। ऐसे समय में पटवारी की ड्यूटी से अनुपस्थिति को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का सीधा उल्लंघन माना गया है। तहसीलदार ने पटवारी बुधेश्वर देवांगन 3 दिनों के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने निर्देशित किया है।

### कुएं में फिसलकर गिरने से युवक की मौत

**तनौद।** शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में मंगलवार शाम कुएं में फिसलकर गिरने से एक 37 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हेमंत कुमार खुटें, पिता महेश खुटें, उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम देवरी मंगलवार 7 जुलाई को करीब शाम 6-7 बजे अपने घर के आंगन में कुएं से पानी भर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे सीधे कुएं में गिर गए। गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तुरंत उन्हें बाहर निकाला और उपचार के लिए शिवरीनारायण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद हेमंत कुमार खुटें को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही शिवरीनारायण थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अकलतरा तहसील का मामला

## दर्री टांड़ में अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम दर्री टांड़ में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में प्रशासन की लगातार उदासीनता से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि नामजद शिकायत, सीमांकन और बार-बार आवेदन के बावजूद प्रशासन केवल कार्रवाई का आश्वासन और नई-नई तारीखें दे रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, तहसीलदार के निर्देश पर संबंधित भूमि का सीमांकन कराया जा चुका है, जिससे अवैध कब्जे की स्थिति स्पष्ट हो गई है। आवेदन के बावजूद केवल आश्वासन दिया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक अतिक्रमण हटाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि पहले 9 जून को कार्रवाई की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन उस दिन भी प्रशासनिक अमला मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद 12 जून को पुनः आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर अब 15 जुलाई की नई तिथि निर्धारित कर दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन केवल तारीख पर तारीख देकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है, जबकि इस दौरान अवैध कब्जाधारी निर्माण कार्य तेज गति से जारी रखे हुए हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि पामगढ़ तहसील के ग्राम मेंऊ में हाल ही में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया था। इससे लग रहा है कि अकलतरा में अवैध कब्जाधारियों को खुला संरक्षण प्राप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 जुलाई को भी प्रशासन ने अवैध कब्जा हटाने की ठोस कार्रवाई नहीं की, तो वे व्यापक जनआंदोलन शुरू करेंगे। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों को बढ़ावा मिलेगा और कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### ली जाएगी जानकारी

ग्राम पंचायत दर्री टांड में अवैध रूप से बेजाकब्जा मामले को लेकर जानकारी ली जाएगी। तत्पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-अविनाश चौहान,
तहसीलदार
अकलतरा



## खबर संक्षेप



### छात्रों के विभिन्न समस्याओं को लेकर स्कूलों में हुआ कार्यक्रम

**हरदीबाजार।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान के निर्देश में मंगलवार को एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर के नेतृत्व में कोरबा (ग्रामीण) के उतरदा स्कूल के छात्रों के बीच पहुंचकर पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में धांधली, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और बढ़ती बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान कोरबा ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कौशल श्रीवास, अमन श्रीवास, अवतार चौहान, परमेश्वर कौशिक एवं बड़ी संख्या में छात्र, छात्राएं उपस्थित रहें।

### जर्जर सड़क से आवागमन करने में हो रही परेशानी



**ढेलवाडीह।** शुक्लाखर से देवरी होकर बुंदेली तक जाने वाली लगभग 3 से 4 किलोमीटर सड़क बुरी तरह से जर्जर हो गई है। जिसके कारण आवागमन में हो रही भारी परेशानी यही एकमात्र सड़क मार्ग है जो की आसपास के 20-25 ग्राम गांव ग्रामीण तहसील एवं जिला मुख्यालय तक जाते हैं एवं बांकीमोंगरा एवं आसपास के क्षेत्र क्षेत्र के लोगों दीपका जाने का एकमात्र रास्ता यही है। रास्ते में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण बरसात के दिनों में पानी भर जाने से गड्ढे का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता जिसे आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रात में आने जाने लोग जान जोखिम में डालकर इस रास्ता से आना-जाना करते हैं।

### सेवानिवृत्त होने पर प्रधानपाठक को दी गई विदाई



**चैतमा।** आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय शासकीय माध्यमिक विद्यालय चैतमा के प्रधानपाठक अरविंद कुमार साहू के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। विद्यालय में 35 वर्ष लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद प्रधानपाठक अरविंद कुमार साहू की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते अतिथि सुकालू प्रजापति ने कहा कि शिक्षक कभी अपने कर्तव्यों से रिटायर नहीं होता। प्रधानपाठक श्री साहू ने अपने पूरे सेवाकाल में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की मिसाल पेश की है। इस अवसर पर प्राचार्य चंद्राणी सोम, एसएमडीसी अध्यक्ष सुकालू प्रजापति, अमरनाथ कैवर्त पूर्व शाला अध्यक्ष, डीके आदिले संसद प्रतिनिधि, कृष्णा यदु, सीपी जायसवाल व्याख्याता शिक्षक कर्मचारी वीरेंद्र कुमार बंजारे, सुरेन्द्र सिंह नेटी, राखी विंध्यराज, तारा सिंह राज, भागीरथी श्रीवास, नबीउल्ला सिद्दिकी, बलराम क्षत्री, विजेता चतुर्वेदी, विभा तांडे, पुष्पा कंवर, संजू कुमार जायसवाल, आस्था दुबे, चंद्रमुखी साहू, मुरारीलाल धीवर उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पीताम्बर लाल पटेल (PITAMBAR LAL PATEL) पिता -सहेत्तर पटेल (SAHETTAR PATEL) निवासी-मकान नंबर 38/1 (ख 01) बिलारी रोड राहौद वार्ड नं. 02 नगर पंचायत राहौद, ब्लाक पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.), यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम पीताम्बर लाल पटेल (PITEMBER LAL PATEL) को त्याग कर पीताम्बर लाल पटेल (PITAMBAR LAL PATEL) नया नाम रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम पीताम्बर लाल पटेल (PITAMBAR LAL PATEL) से ही जाना पहचाना जायें।

पीताम्बर लाल पटेल
(PITAMBAR LAL PATEL)
पता - मकान नंबर 38/1 (ख 01) बिलारी रोड राहौद वार्ड नं. 02 नगर पंचायत राहौद, ब्लाक-पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# उद्योग मंत्री की पहल पर विकास कार्यों के लिए सीएसआर मद से 2.27 करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



लखन देवांगन

नगर के समुचित विकास के संकल्प के साथ हर वार्ड को विकसित बनाने के वादे को पूरा करते हुए कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रस्ताव पर बालको प्रबंधन द्वारा सीएसआर मद अंतर्गत 10 वार्डों के विभिन्न विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ 27 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। मंत्री लखन लाल देवांगन के निरंतर प्रयासों से राज्य शासन के विभिन्न मद के साथ- साथ जिला खनिज न्यास, सीएसआर मद से विकास कार्यों हेतु स्वीकृति प्राप्त हो रही है। इसी का परिणाम है कि नगर के विकास आज हर वार्ड, हर मोहल्ले में तेज गति से जारी है, इसका लाभ आम जनमानस को निरंतर मिल रहा है।

स्वीकृत कार्यों में वार्ड 39 पाड़ीमार बालको अंतर्गत राठौर भवन के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 41 बालको अंबेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख रुपए, वार्ड 18 कोहड़िया मां भवानी मंदिर कौशिल्या धाम के पास बाउंड्रीवाल एवं अन्य विस्तार कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 16 पंपहाउस झोपड़ीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 42 बालको देहानपारा मिश्रा तालाब से सर्वमंगला चौक तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 46 बालको सुखसागर घर से हाईस्कूल तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य 27 लाख रुपए, वार्ड 20 शशी गबेल के घर से जे.पी. साहू तथा चुन्नीलाल के घर से रमेश शर्मा के घर तक नाली निर्माण कार्य 25 लाख रुपए, वार्ड 17 ढोढ़ीपारा के विभिन्न स्थानों में सीसी रोड निर्माण कार्य 20 लाख रुपए, वार्ड 31 राजेन्द्र प्रसाद नगर (फेस-1) दशहरा मैदान के पास रोड, स्टोर रूम का नवीनीकरण एवं अन्य विस्तार कार्य 25 लाख रुपए, वार्ड 52 अयोध्यापुरी में सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन निर्माण कार्य 40 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

### शहर को मिली सड़क रोशनी की नई सौगात

**खास बातें**

- चौक चौराहों में लगेगी हाईमास्ट लाइट
- रात में आवागमन को सुरक्षित बनाने की तैयारी

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के सतत प्रयासों से जिला खनिज न्यास मद से लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से हाईमास्ट एवं स्ट्रीट लाइट स्थापना कार्यों को स्वीकृति मिली है। स्वीकृत प्रमुख कार्यों में दर्री बाजार में 16 मीटर हाईमास्ट लाइट 4.87 लाख, रिसदी चौक वार्ड 36 में 30 मीटर हाईमास्ट लाइट 10.64 लाख रुपए, बरबसपुर चौक वार्ड 9 में 30 मीटर हाईमास्ट लाइट 10.58 लाख रुपए, सर्वमंगला चौक से चंद्रनगर तिराहा वार्ड 62 तक स्ट्रीट लाइट कार्य 51.23 लाख रुपए, बरमपुर चौक में 18 मीटर हाईमास्ट लाइट 4.80 लाख रुपए, इमलीछापर चौक में 30 मीटर हाईमास्ट लाइट 8.88 लाख रुपए तथा सर्वमंगला चौक में 30 मीटर हाईमास्ट लाइट 8.86 लाख रुपए की स्थापना शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से प्रमुख चौक-चौराहों एवं मार्गों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होगी, जिससे रात्रिकालीन आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा।

## हाउसिंग बोर्ड ने जारी किया टेंडर, निजी बिल्डर्स को सौंपा जाएगा काम

# कटघोरा सिंचाई कालोनी में बनेंगे नए आवास, पुराने होंगे डिस्मेंटल



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा विभाग अंतर्गत सिंचाई विभाग की पुरानी कालोनी को डिस्मेंटल कर उसकी जगह नए आवास बनाए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। हाउसिंग बोर्ड ने इसके लिए टेंडर जारी कर दिया है। निजी बिल्डर्स के माध्यम से कालोनी और विभाग के दफ्तर का निर्माण होगा।

सिंचाई विभाग के जिला मुख्यालय के साथ कटघोरा में आवासीय कालोनी का निर्माण किया गया है। और दोनों ही कालोनियों की स्थिति जर्जर हो चली है। छतों में प्लास्टिक डालकर विभाग के कर्मचारी रहने को मजबूर हैं। जिला मुख्यालय के विभागीय कालोनी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर किसी तरह की गंभीरता नहीं दिखाई गई। वहीं कटघोरा अनुविभाग में स्थित सिंचाई विभाग की वर्षों पुरानी कालोनी और उसके दफ्तर को डिस्मेंटल कर उसकी जगह नई कालोनी की रूपरेखा सिंचाई विभाग के द्वारा तैयार की गई थी और इसके लिए हाउसिंग बोर्ड से बातचीत कर कालोनी और दफ्तर के नए भवन के लिए अनुबंध किया गया। इसके एवज में हाउसिंग बोर्ड को आवासीय कालोनी के निर्माण हेतु जमीन दिये जाने का प्रावधान था। किन्तु हाउसिंग बोर्ड को पूर्व में जमीन आबंटन होने के कारण वर्तमान में कोई जमीन नहीं मिली है।

**न्यायालय के बगल में आबंटित है जमीन**

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा अटल आवास योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत जेंजरा में आवासीय कालोनी का निर्माण किया गया है। इसी तरह कटघोरा में व्यवहार न्यायालय के बगल में भी हाउसिंग बोर्ड को जमीन आबंटित की गई है। जिसमें एमआईजी आवास का निर्माण किया गया है। कालोनी की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का निर्माण पूरा हो चुका है। अपने आवासीय विस्तार योजना अंतर्गत अन्य आवास भी उक्त जमीन में ही बनाए जाएंगे।

**70 आवास डबल स्टोरी में बनेंगे**

हाउसिंग बोर्ड के द्वारा टेंडर प्रक्रिया जारी की गई है। पीपी मॉडल में तैयार होने वाली कालोनी और दफ्तर का लेआउट तैयार हुआ है। 70 आवास इस कालोनी में बनाए जाएंगे। जो डबल स्टोरी होंगे। वहीं विभाग का जो दफ्तर बनेगा उसे भी डबल स्टोरी किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। पार्किंग की व्यवस्था अलग से रहेगी। कालोनी की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल का भी निर्माण किया जाएगा। हाउसिंग बोर्ड के द्वारा इसका निर्माण निजी बिल्डर के द्वारा कराये जाने की तैयारी की गई है।

**टेंडर की प्रक्रिया चल रही**

सिंचाई विभाग की कालोनी व दफ्तर के लिए नए भवन बनाए जाने हेतु टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। पीपी माडल में निजी बिल्डर से कालोनी में निर्माण कराया जाएगा।

**-योगेश कुमार पटेल,** ईई, हाउसिंग बोर्ड

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 20 चालकों पर गिरी गाज



जप्त वाहन।

**खास बात**

- 8 चार पहिया एवं 12 दो पहिया वाहन चालक नशे की हालत में पाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब पीकर वाहन चलाने वाले शराबी चालकों पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया, इस दौरान नशे में धुत्त होकर वाहन चलाते हुए 20 लोगों को पकड़ा है। जिनके खिलाफ धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त थाना एवं यातायात इकाइयों द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की सघन जांच की गई। विशेष जांच के दौरान कुल 20 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की गई।

# दुकान के बाद स्वागत गेट की राशि में सामने आया गड़बड़ झाला





**खास बात**

- जनपद सीईओ ने पंचायत सचिव को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरपाली

जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सरगबुंदिया में एक के बाद एक वित्तीय गड़बड़ियों के मामले सामने आते जा रहे हैं। पूर्व में दुकान निर्माण के लिए निकाली गई राशि में दुकान का निर्माण नहीं होने का मामला सामने आया था। अब स्वागत गेट का एक मामला सामने आया है। जिसमें निर्माण की राशि मिलने के बाद भी कार्य नहीं कराया गया। मामले में जनपद सीईओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

पूरे मामले के अनुसार वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-149 बी के चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरगबुंदिया में स्वागत गेट निर्माण के लिए 86 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण कार्य के लिए 43 हजार रुपये की पहली किस्त आरटीजीएस के माध्यम से जारी की गई, लेकिन आज तक कार्य पूरा नहीं कराया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने इसे शासकीय राशि के दुरुपयोग की श्रेणी में मानते हुए पूर्व सरपंच श्रीमती आराधना तंवर और सचिव प्रमोद कुमार राठिया को नोटिस जारी किया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि तीन दिन के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें, अन्यथा नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कुछ दिनों पहले जनपद पंचायत करतला द्वारा सरगबुंदिया पंचायत को दुकान निर्माण के राशि आहरण पश्चात भी निर्माण नहीं करने के खिलाफ नोटिस जारी किया था और अब एक और मामले के उजागर होने से पंचायत की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब**

स्वागत गेट के मामले में संज्ञान लिया गया है। सरपंच व सचिव को मामले में नोटिस जारी की गई है। निर्माण संबंधी अनियमितता या कोई भी गड़बड़ी सामने आएगी तो इस मामले में कार्यवाही की जाएगी।

**वैभव कौशिक,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जपं करतला



### पुलिस ने 67 वारंटियों को भेजा न्यायिक रिमांड पर जेल

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को विशेष अभियान चलाकर वारंटियों की तामिली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत दो दिनों में कुल 11 स्थायी वारंटी एवं 56 गिरफ्तारी वारंटी, अर्थात कुल 67 वारंटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए सभी वारंटी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी वारंटों के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे। कोरबा पुलिस द्वारा उनकी सतत निगरानी, पतासाजी एवं सूचना संकलन करते हुए योजनाबद्ध कार्रवाई कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

**TOP IN JANJGIR**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

N-S-D-C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश

अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध









# सड़क सुरक्षा कार्यों में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों की तय होगी जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेते कलेक्टर व एसपी।

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं यातायात नियमों के बेहतर पालन सुनिश्चित करने कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों तथा आवश्यक सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों एवं निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभागीय समन्वय, सतत निगरानी एवं समयबद्ध कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विभागों द्वारा किए जा रहे सुधारात्मक कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सड़क किनारे झाड़ियों की नियमित सफाई, अतिक्रमण हटाने, क्षतिग्रस्त एवं निम्न स्तर के रोड शोल्डर की मरम्मत, आवश्यक स्थानों पर रेडियमयुक्त चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।









# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई**। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style

# कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।



## हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स**। ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।



# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली**। एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली**। पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई**। अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली**। मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली**। शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।



# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई**। आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।

# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली**। आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही



साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।

***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम

# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।




### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।



## खबर संक्षेप



### मुखर्जी की 125वीं जयंती पर डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम एवं परिचय सम्मेलन आयोजित

**तनौद।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के अवसर पर कोड़ाभाट मंडल के आश्रित ग्राम लोहर्सी के ग्राम पंचायत भवन में ओबीसी मोर्चा का मंडल स्तरीय डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम एवं परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से 6 जुलाई सोमवार शाम 4 बजे आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं भारत माता के चित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय सत्र हुआ। डिजिटल लर्निंग और सरल ऐप पर दिया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी अभिमन्यु राठौर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओबीसी मोर्चा ने सरल ऐप और पार्टी द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि डिजिटल माध्यम से पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाना ही इस अभियान का उद्देश्य है। इस अवसर पर कमल प्रसाद साहू, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा, रामेश्वर साहू, जिला मंत्री, विजय यादव, जिला कार्यकारी सदस्य, रामकीर्तन कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष सम्मेलाल साहू ओबीसी मोर्चा जिला प्रवक्ता रामहरि साहू सहित ओबीसी मोर्चा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिचय सत्र का संचालन कमल साहू द्वारा किया गया। संगठन मजबूती पर जोर वक्ताओं ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आत्मसात कर ओबीसी वर्ग को संगठित करना और पार्टी को गांव-गांव तक मजबूत करना ही हमारा संकल्प है।

### श्रावण मास में 4 से 10 तक भव्य श्री शिव महापुराण कथा, तैयारियां शुरू

**शिवरीनारायण।** धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी तथा गुप्त तीर्थ शिवरीनारायण में श्रावण मास के पावन अवसर पर 4 से 10 अगस्त तक महानदी के पवित्र त्रिवेणी संगम तट स्थित मेला ग्राउंड में भव्य श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का शुभारंभ प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से होगा। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. युवराज पांडे जी करेंगे। श्रावण मास में शबरी नारायण धाम में उनका यह प्रथम आगमन होगा।आयोजन को लेकर लगभग एक माह पूर्व से ही व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। कथा पंडाल वाटर प्रूफ डोम पंडाल में श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को अंतिम रूप देने का कार्य लगातार जारी है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की विशेष व्यवस्था भी की जाएगी। यह जानकारी सोमेश नितेश केशरवानी ने दी। गणपत लाल केशरवानी द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित आसपास के नगरों एवं गांवों के श्रद्धालुओं से कथा श्रवण की अपील की गई है।

### मनका दाई मंदिर के पास पेंशनर भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 11 को

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक स्वर्गीय जगत सिंह बैस की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार, 11 जुलाई को प्रातः 10 बजे से नगर के बलौदा रोड स्थित मनकादाई मंदिर के पास पेंशनर भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर सर्वप्रथम स्व. जगत सिंह बैस को श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त ने सभी पेंशनरों, वरिष्ठ नागरिकों एवं नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्व. जगत सिंह बैस को श्रद्धांजलि अर्पित करें तथा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाएं।

### केपीएस स्कूल अकलतरी में विद्यार्थियों को निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरित

**अकलतरा।** विकासखंड अकलतरा के ग्राम अकलतरी स्थित केपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों के प्रोत्साहन एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं गौ-रक्षक नेहरू नायक ने स्कूली बच्चों को पुस्तकें, कॉपियां, पेंसिल एवं रबर का निःशुल्क वितरण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेहरू नायक ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग के लिए आगे आना चाहिए, ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। विद्यालय परिवार ने सराहनीय पहल के लिए नेहरू नायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## निधन

### शकुन्तला साहू



**तनौद।** समीपस्थ ग्राम देवरी के प्रतिष्ठित नागरिक खगेन्द्र साहू की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला देवी साहू उम्र 38 वर्ष का गुरुवार 2 जुलाई को निधन हो गया है। वे स्व. गोरे साहू के पुत्रवधु हैं। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र गौरव साहू ने दी। वे अपने पिछे दो पुत्र और भरापुरा छोड़ चली गई। उनका अंतिम संस्कार महानदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### बैंक विवरण, संशोधन एवं नॉमिनी की कार्रवाई होगी 31 अक्टूबर तक

# धान बेचने के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन एवं फार्मर आईडी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन तथा फार्मर आईडी अनिवार्य है। इसके बगैर धान की खरीदी नहीं हो पाएगी। इसे लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किए।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में बुधवार 8 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारियों एवं किसान पंजीयन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने के इच्छुक किसानों के लिए पंजीयन एवं संशोधन की प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक संचालित की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों का एग्री-स्टैक पोर्टल में पंजीयन तथा फार्मर आईडी (एग्री-स्टैक आईडी) होना अनिवार्य रहेगा। कलेक्टर श्री महोबे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान पंजीयन की पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक कृषि साख समितियों में किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से किसानों को समय पर पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया जाए। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को वर्ष 2026-27 के लिए भी पंजीकृत माना जाएगा। ऐसे किसानों को नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भूमि नामंतरण, बंटवारा, फौती, खसरा, बैंक खाते परिवर्तन होने पर संबंधित समिति अथवा उपार्जन केंद्र में जाकर संशोधन कराना होगा। यह कार्य विभागीय ऑनलाइन सोसायटी मॉड्यूल के माध्यम से किया जाएगा। वनाधिकार पट्टाधारी, डूबान क्षेत्र के कृषक, शासकीय पट्टेदार, कोटवार, संस्थागत कृषक, अधिया रेगहा, बटाईदार तथा लीज पर खेती करने वाले किसानों के लिए भी एग्री-स्टैक में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस वर्ष भी आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण प्रणाली लागू रहेगी। पंजीयन के दौरान किसान के साथ एक नॉमिनी का आधार विवरण भी दर्ज किया जाएगा। नॉमिनी के रूप में परिवार के सदस्य अथवा निकट संबंधी को मान्यता दी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि नवीन किसान पंजीयन, पुराने किसानों के खसरा मैपिंग, बैंक विवरण संशोधन तथा अधिया व रेगहा से संबंधित नॉमिनी पंजीयन की कार्रवाई 31 अक्टूबर तक की जाएगी। इसी अवधि में वनाधिकार पट्टाधारी, डूबान क्षेत्र के कृषकों तथा संस्थागत कृषकों का नवीन पंजीयन भी किया जाएगा।

# बनारस एवं अयोध्या की तर्ज पर टेंपल सिटी में प्रतिदिन हो रही गंगा आरती

### धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर डाला जा रहा प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



गंगा आरती में शामिल तहसीलदार एवं अन्य।

अयोध्या एवं बनारस की तर्ज पर टेंपल ि सटी शिवरीनारायण में प्रतिदिन महानदी तट पर गंगा आरती हो रही है। इसके साथ ही धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला जा रहा है। शिबरीनारायण धाम में प्रतिदिन आयोजित होने वाली महानदी गंगा आरती श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है।

गौरतलब है कि शिवरीनारायण की महानदी गंगा आरती बनी नगर की नई पहचानधार्मिक नगरी शिवरीनारायण स्थित चित्रोत्पला गंगा महानदी, जिसे त्रिवेणी संगम के नाम से जाना जाता है, आज अपनी भव्य एवं दिव्य महानदी गंगा आरती के कारण नगर की नई पहचान बन चुकी है। बनारस एवं अयोध्या की तर्ज पर शबरीनारायण धाम में प्रतिदिन आयोजित होने वाली महानदी गंगा आरती श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। इस पुनीत कार्य का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत एवं उनकी टीम के विशेष प्रयासों से हुआ। कार्यक्रम के प्रभारी पार्षद सत्येंद्र केवट के नेतृत्व में प्रतिदिन सुव्यवस्थित रूप से गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर नगर पंचायत के पार्षद ओमप्रकाश छाया साहू तथा राहौद के तहसीलदार चन्द्रकांत चंद्रवंशी अपनी धर्मपत्नी के साथ मुख्य यजमान के रूप में महानदी गंगा महाआरती में सम्मिलित हुए। शान्ति कुंज हरिद्वार से शिक्षा प्राप्त किए धार्मिक नगरी शिवरीनारायण के पंडित चंद्रमोहन शर्मा महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दोनों दंपतियों से पूजन-अर्चन संपन्न कराया शुभ आशीर्वाद प्रदान की तथा महानदी गंगा आरती के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिदिन आयोजित होने वाली यह महानदी गंगा आरती अब शिवरीनारायण की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान के रूप में स्थापित हुआ हैचित्रोत्पला गंगा महानदी, जिसमें तीन नदियों का संगम है महानदी, शिवनाथ नदी एवं जोंक नदी त्रिवेणी संगम के नाम से विख्यात है। नदियों के इस दिव्य संगम स्थल त्रिवेणी संगम पर श्रद्धा एवं विधि-विधान से की गई आरती, पूजा और प्रार्थना से श्रद्धालुओं को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा महाआरती में शामिल होकर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# नशा नहीं, योग अपनाएं -आठ शांतिदूतों ने चलाया जनजागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकाली जागरण रैली।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, प्रभु अनुराग भवन, कोटमीसोनार द्वारा संचालित 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी मंजू के सानिध्य एवं प्रेरणा से आठ शांतिदूतों की टीम ने विभिन्न विद्यालयों, ग्रामों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया।

अभियान के दौरान एस.बी.एस. पब्लिक स्कूल कोटमीसुनार, हायर सेकेंडरी स्कूल कोटमिसुनार , शापूमाशाला कोटमीसोनार, शापूमाशाला कोटमीसुनार सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शांतिदूतों ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज के दिव्य आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग मेडिटेशन की महत्ता बताते हुए कहा गया कि राजयोग आत्मबल, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और आत्म-संयम को विकसित करता है। जब मन शक्तिशाली बनता है, तब व्यक्ति सहज रूप से नशे जैसी बुराइयों से मुक्त होकर श्रेष्ठ, संस्कारवान और खुशहाल जीवन जी सकता है। अभियान के दौरान लोगों ने उत्साहपूर्वक संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे।

# पंचायत में गठित पांच स्थायी समितियों का हुआ गठन, 6 माह बाद भी बैठक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

ग्राम पंचायत में गठित पांच स्थाई समितियों का गठन हुई 6 माह से अधिक हो गया है परंतु समितियों का गठन हुए लगभग 6 माह हो चुके है। इसके बाद भी आज तक बैठक का पता नहीं चल पाया है।

गौरतलब है कि ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में पांच प्रकार के स्थाई समितियां का गठन हुए लगभग 6 माह से अधिक हो गया किंतु आज तक पंचायतों में स्थाई समितियां का एक भी बैठक आयोजित नहीं किया गया है यहां तक की पंच यह भी नहीं जान रहे हैं कि कौन इन समिति का सदस्य है कौन सभापति है और कौन सचिव है। ऐसे में समझा जा सकता है ग्राम पंचायत में बिना इन समितियो में योजनाओं का प्रस्ताव पारित किए बगैर ही ग्राम पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित हो जा रहा है। ऐसे में ग्राम पंचायत मरघट्टी के जागरूक पंच खगेंद्र कश्यप ने जिला पंचायत सीईओ सक्ती के पास आवेदन देकर सभी समितियों का मासिक बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने के निर्देश सभी समितियों के सचिव को देने का आवेदन किया है। ग्राम पंचायतो में सामान्य प्रशासन समिति, कृषि राजस्व वन समिति, शिक्षा स्वास्थ्य समाज कल्याण समिति, निर्माण समिति, ग्राम गोठान समिति का गठन हुआ है। अब देखना है कि आईएएस जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन स्थाई समितियां का बैठक हर माह हो इसके लिए क्या निर्देश जारी करते हैं।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर चालक पर 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



चालानी कार्रवाई करते यातायात जवान।

शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में यातायात पुलिस ने चालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना ठोंका है। वहीं यातायात अधिनियम के तहत वाहन चलाने निर्देशित किया है।

इस संबंधमें मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात प्रभारी एवं यातायात पुलिस स्टाफ द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। वाहन जांच के दौरान ब्रीथ एनालाइजर मशीन से चालकों की जांच की जा रही है तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। मंगलवार 7 जुलाई को यातायात पुलिस सक्ती द्वारा फगुरम मुख्य मार्ग पर वाहन क्रमांक सीजी 11 बीव्ही 8330 को रोककर चालक अनिल साहू पिता पदमानंद साहू उम्र 32 साल निवासी खेमडा थाना डभरा की जांच की गई। जांच के दौरान चालक शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए वाहन को जप्त कर प्रकरण न्यायिक मजिस्ट्रेट, सक्ती न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।माननीय न्यायालय द्वारा चालक को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत दोषी पाते हुए 10 हजार रुपये मात्र के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।सक्ती पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि शराब सेवन कर वाहन न चलाएं तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### ग्राम कलमा के सचिव पर लाखों रुपये की अनियमितता का आरोप

**डभरा।** डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कलमा में पंचायत सचिव पर गंभीर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था सुधार के नाम पर पंचायत मद से लगभग 1 लाख 37 हजार रुपये की राशि निकाल ली गई, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों के अनुसार गाँव में आज भी पेयजल और स्वच्छता की समस्या जस की तस बनी हुई है। आरोप है कि सचिव द्वारा राशि आहरित कर ली गई, जबकि संबंधित कार्यों का कोई निर्माण या सुधार कार्य दिखाई नहीं दे रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है जिसकी शिकायत कलमा के उप सरपंच सहित ग्रामीणों ने उच्च अधिकारी से शिकायत किए हैं ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा पंचायत निधि का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

# स्कूल स्टाफ ने जिला पंचायत सीईओ को भेंट की सीडबॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सीईओ को सीडबाल किया गया भेंट।

शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा के बच्चों द्वारा बनाए गए सीड बॉल को जिला पंचायत सीईओ को भेंट किया गया। साथ ही विद्यालय के शिक्षक महेन्द्र कुमार चन्द्रा और चंचला चन्द्रा द्वारा छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने के लिए छात्रों को सीड बॉल बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

ज्ञात हो कि शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय झालरौंदा के बच्चों द्वारा जिला पंचायत सीईओ को वासु जैन को भेंट किया गया। प्राचीन भारत में चरक संहिता में बीज को गोबर में लपेटकर बोना लिखा गया है। आदिवासी आज भी महुआ-आम के बीज गोबर में लपेटकर फेंकते हैं। सीड बॉल के द्वारा चिड़िया के बीज को खा जाने से मिट्टी का कवच बीज को छुपा देता है बारिश में बह जाने से बचाता है, धूप में सूख जाए तो मिट्टी नमी को रोकती है, खाद ताकत देती है। खरपतवार बीज को दबा नहीं पाते हैं। 2 हफ्ते की हेड-स्टार्ट मिलती है और इसमें उगने की सफलता दर अधिक होती है। सीधे बीज फेंको तो 5 प्रतिशत उगता है। सीड बॉल से 70-80 प्रतिशत उग जाता है। इस सबसे प्रोत्साहित होकर सभी छात्रों द्वारा कम से कम 100 सीड बॉल बनाने का संकल्प लिया गया था, जिसमें अधिकांश छात्रों द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया गया है। छात्रों के इस मेहनत को जिले के विभिन्न क्षेत्र में पहुंचाने के उद्देश्य से शिक्षकों द्वारा अलग अलग जगह इस सीड बॉल को पहुंचाया जा रहा है। सीड बॉल को आते जाते रास्ते के किनारों में या खाली मैदानों में फेंक कर पौधे को उगाया जाता है। सीईओ द्वारा इसके बारे पूरी जानकारी लेने के पश्चात तुरन्त सीड बॉल को उनके कार्यालय के प्रांगण में डालकर तुरंत प्रयोग किया गया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए ग्रामीण परिवेश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### कृषि विज्ञान केन्द्र में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

# पैरा मशरूम की व्यावसायिक खेती युवाओं के रोजगार के लिए अच्छा विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



मशरूम का उत्पादन किसानों के लिए अतिरिक्त आय का एक अच्छा साधन है। इसे साल भर एक छोटे से कमरे के माध्यम में थोड़ा सा समय देकर आसानी से किया जा सकता है। यही कारण है कि किसान विशेषकर महिला किसानों में मशरूम उत्पादन के प्रति विशेष रूचि देखी जाती है। इसी दृष्टि से कृषि विज्ञान केन्द्र, जांजगीर में मशरूम उत्पादन पर एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय ने बताया कि जिले में हमारी एक ही योजना है कि समाज क़ो मुख्य धारा पर लाना। आज कही न कही जांजगीर -चाम्पा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में आज मुख्य धारा पर आ रहे है,आज क़ृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर चाम्पा द्वारा आज मशरूम प्रशिक्षण शुरुआत हुआ है, आज क़ृषि विज्ञानं केंद्र में जिले से दूर दराज से आय समूह की दीदिया एवं किसानों क़ो मशरूम उत्पादन के तहत धान फसल के अवशेषों का उपयोग करते हुए मशरूम उत्पादन किया जा सकता है। श्री पाण्डेय ने केवीके जांजगीर चांपा द्वारा युवाओं, महिलाओं और किसानों को आगे बढ़ाने के प्रयास की तारीफ एवं सराहना की । क़ृषि विज्ञानं केंद्र जांजगीर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के. डी. महंत ने बताया कि प्रशिक्षण में महिलाएं किसान, स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित कुल 40 किसान शामिल हुए। आहार एवं पोषण ने मशरूम के पोषण मूल्य एवं औषधीय महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न प्रकार के मशरूम उत्पादन की तकनीक एवं मशरूम बीज उत्पादन के प्रायोगिक विधि के साथ-साथ वीडियो और चल-चित्र के माध्यम से जानकारी दी। प्रगतिशील मशरूम उत्पादक महिला किसान श्रीमती-सविता पटेल के साथ प्रक्षेत्र भ्रमण भी कराया गया। उन्होंने मशरूम उत्पादन की चुनौतियों और इसके व्यापारिक लाभों के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मशरूम प्रशिक्षण हमारे लिए सार्थक रूप में देखने क़ो मिलेगा, आज मशरूम उत्पादन द्वारा हम गांव में ही अच्छी रोजगार मिल सकता है।

